5

सीआईएसएफ जवान की मुस्तैदी से बची युवती की जान, CCTV में कैद हुई घटना

दिल्ली में सीआईएसएफ जवान की मुस्तैदी की वजह से एक युवती की जान बचाई. वह ट्रेन के के इंतजार में प्लेटफॉर्म के किनारे तक जा पहुंची. इस दौरान वह ट्रेन की चपेट में आने वाली थी, उसी समय सीआईएसएफ जवान ने तत्परता दिखाई और युवती को बचा यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.

दिल्ली में सीआईएसएफ (CISF) जवान ने युवती की जान बचाई. वह ट्रेन के इंतजार में प्लेटफॉर्म के किनारे तक चली गई थी. वह ट्रेन की चपेट में आने ही वाली थी कि उसी समय सीआईएसएफ जवान ने तत्परता दिखाई और युवती को बचा लिया. पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.

यह घटना दिल्ली के अर्थला मेट्रो स्टेशन की है. 7 जनवरी की शाम करीब पौने छह बजे रिठाला की ओर जाने वाली मेट्रो आने वाली थी. प्लेटफॉर्म पर खड़े कई यात्री मेट्रो का इंतजार कर रहे थे. यहां 20-25 साल की एक युवती भी ट्रेन का इंतजार कर रही थी.

हॉर्न के शोर में दब गई इंस्पेक्टर की आवाज

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. इसमें देखा जा सकता है कि प्लेटफॉर्म पर खड़ी युवती से कुछ दूरी पर सीआईएसएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार शर्मा खड़े थे. इसी दौरान संजीव ने देखा कि युवती प्लेटफॉर्म और ट्रैक के बीच बिल्कुल किनारे पर खड़ी हुई है. इसी बीच ट्रेन भी प्लेटफॉर्म पर आती दिखाई देने लगती है. संजीव युवती को आवाज देते हैं. मगर, ट्रेन के हॉर्न के शोर में वह संजीव की आवाज नहीं सुन पाती. तत्परता दिखाते हुए संजीव युवती की ओर दौड़त हैं और उसे ट्रेन की चपेट में आने से बचा लेते है.

युवती ने अदा किया शुक्रिया

संजीव युवती को पकड़कर प्लेटफॉर्म पर गिरा देते हैं. तुरंत ही वहां पर भीड़ लग जाता है. जान बचाए जाने पर युवती ने सीआईएसएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार शर्मा का शुक्रिया अदा किया. इसके बाद संजीव उसे ध्यान से सफर करने की हिदायत देते हैं.